एक अलग नीति की घोषणा करने का विचार रखती है, और

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०जे० कुरियन):(क) जी, हां।

(ख) और (ग) लघु, अति लघु और ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने और उन्हें सुदृढ़ करने के लिए नीतिगत उपाय 6 अगस्त, 1991 को संसद में रखे गए थे। इन नीतिगत उपायों के पैरा 2.3 में यह उल्लेख किया गया है कि अति लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एक अलग पैकेज प्रस्तुत किया जायेगा और यह सरकार की नई नीति के मुख्य बल का हिस्सा है।

अति लघु क्षेत्र के लिए पैकेज के ब्यौरे संबंधित मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से तैयार किए जा रहे हैं।

Telecast of T V serial 'Krishna' in Canada

*50. SHRI KRISHAN LAL SHARMA : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is a fact that T.V. serial 'Krishna' is being telecast in Canada ;

(b) whether it is also a fact that the same serial is still pending for approval in our country ;

(c) if so, the reasons of the delay in this regard ; and

(d) by when the same is likely to be cleared for telecast in the country ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS) : (a) No record is maintained by Doordarshan of Indian serials produced by Private agencies telecast by TV stations abroad.

(b) to (d) Selection of serials under the sponsorship scheme is an ongoing activity. In October, 1990, Doordarshan invited proposals under sponsorship scheme and received more than 3,500 proposals from various outside producers. These proposals have been placed before the Selection Committee consisting of non-official members for evaluation 'Krishna' is one among these proposals. The telecast of the proposals which are finally selected would depend upon the programme requirements of Doordarshan from time to time.

मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा घटिया कारों का निर्यात

*51. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स मारुति उद्योग लिमिटेड द्वारा विदेशों को निर्यातित भारी संख्या में कारें घटिया होने के कारण वापस कर दी गई हैं ;

(ख) क्या तत्संबंधी संविदायें रद्द कर दी गई हैं; और

(ग) विश्व व्यापार जगत में देश की प्रतिष्ठा को बचाने के लिये क्या कदम उठाये जाने का विचार है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० के० थुंगन) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

ग्रामीण विकास योजना परिव्यय

*52. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन** :
श्री रणजीत सिंह :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 3 फरवरी, 1992 के "इकोनामिक टाइम्स

में "रूरल डेवलपमेंट प्लान आउटले स्लैश्ड बाई रूपीज 500 करोड़" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि वर्तमान वर्ष की योजनाओं के लिए निर्धारित 3528 करोड़ रुपए की राशि में से 500 करोड़ रुपये की कटौती करने का निर्णय किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस निर्णय के परिणामस्वरूप किन-किन निर्माणाधीन परियोजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है और वे कहां-कहां चल रही है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) 1991–92 के दौरान ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए संशोधित प्रावधानों को संसद के समक्ष रखे जा रहे 1992–93 के बजट प्राक्कलनों में दर्शाया जाएगा ।

Running of PSUs on Co-operative lines

*53. SHRI SARADA MOHANTY :
SHRI CHIMANBHAI MEHTA :

Will the PRIME MINISTER be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have offered writing off all the liabilities of sick PSUs in the event of labour coming forward to run them on cooperative basis ;

(b) whether Government have prepared any blue print or tentative model cooperative structure of labour in general or for any sick PSU ; if so, what are the major features of the proposed set up ;

(c) whether Government are aware of the complexities of the structural problem including those relating to managerial personnel; and

(d) if so, what would be the quantum of Government's financial contribution, Banks contribution and workers' contribution etc. in this proposed set up ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. K. THUNGON): (a) to (d) Some trade unions have suggested the setting up of workers cooperatives during the meeting of special Tripartite Committee held on 20-1-1992. Government is prepared to consider viable proposals for running sick PSUs through workers' cooperatives where the workers were willing. However, the details in this regard have to be worked out based on specific proposals from workers' co-operatives company-wise.

Foreign equity participation

*54. SHRI DIPEN GHOSH :
SHRI SURESH PACHOURI :

Will the Prime Minister be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have recently cleared certain proposals of foreign equity participation of more than 50 per cent since New Industrial Policy was adopted ; and

(b) if so, the details of these proposals and the amounts involved therein together with the conditions agreed upon in terms of technology use and export commitments ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI P. J. KURIEN) : (a) and (b) As per the New Industrial Policy, Reserve Bank of India gives automatic approval for foreign equity participation upto 51% in high priority industries listed in Annex II,